जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 360 प्रभात कोटा, सोमवार 13 अक्टूबर, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## भाजपा ने जम्मू-कश्मीर राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किये

नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए तीन नामों को मंजूरी दे दी है।

- **पार्टी के मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सतपाल शर्मा के नाम की घोषणा की।**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने रविवार को राज्यसभा चुनाव 2025 के लिए गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सतपाल शर्मा के नामों का ऐलान किया।

दूसरी ओर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने तीन सीटों के लिए अपने पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एनसी के वरिष्ठ नेता चौधरी मुहम्मद रमजान, शम्मी ओबेरॉय और सज्जाद किचलू को राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए नामित किया गया है। चौथी सीट के बारे में कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है।

चुनाव आयोग ने 24 सितंबर को घोषणा की थी कि जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 24 अक्टूबर को होंगे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की सीटें रिक्त हो गयी थीं क्योंकि फरवरी 2021 के बाद कोई विधानसभा नहीं होने के कारण इन सीटों पर चुनाव नहीं हो सके थे।

# एनडीए ने बिहार में सीटों का बंटवारा पूरा किया

## भाजपा व जदयू 101-101, चिराग 29, मांझी व कुशवाहा 6-6 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे

- **भाजपा के धर्मेन्द्र प्रधान, जदयू के संजय झा, चिराग पासवान और जीवन राम मांझी ने अधिकारिक रुप से बंटवारे पर संतोष व्यक्त किया है।**
- **पिछले विधानसभा चुनाव के समय एनडीए के घटक दलों में टिकटों के बंटवारे की तुलना में इस बार जदयू को 21 तथा भाजपा को 20 टिकट कम मिले हैं। पर कुल मिलाकर दोनों दलों को संतोष है कि टिकटों का बंटवारा राजी-खुशी निपट गया।**

पटना, 12 अक्टूबर। लंबी खींचतान के बाद आखिरकार एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है। यह जानकारी भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान और जदयू नेता संजय झा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी।

सीट बंटवारे के तहत इस बार जदयू और भाजपा 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली हैं। वहीं चिराग पासवान की पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए 29 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को 6-6 सीट दी गई हैं।

सीट बंटवारे में सबसे अधिक, 14 सीटें जदयू को छोड़नी पड़ी हैं। भाजपा की नौ और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की एक सीट गई। अगर पिछले चुनाव के समय हुए सीटों के बंटवारे को देखें तो जदयू के हिस्से की 21 और भाजपा के हिस्से की 20 सीटें निकल गई हैं। जदयू की यह जिद भी नहीं रही कि पिछले चुनाव में हम जिन सीटों पर लड़े थे, उनमें कोई सीट लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लिए नहीं छोड़ेंगे।

जदयू नेता संजय झा ने सीट शेयरिंग के बारे में जानकारी देते हुए लिखा हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है।

सीट बंटवारे के बारे में जीतन राम मांझी के बेटे और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा हम एनडीए साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया।

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा, एनडीए परिवार ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को एनडीए की ओर से 6 सीटें दी गई हैं। इस पर पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयमित प्रतिक्रिया दी है। मांझी ने कहा कि संसद में हमें सिर्फ एक सीट मिली थी, तब भी हमने कोई नाराजगी नहीं जताई थी। अब अगर बिहार विधानसभा चुनाव में हमें छह सीटें मिली हैं, तो ये हाईकमान का फैसला है और हमें स्वीकार है। उन्होंने आगे कहा कि हमें जितना दिया गया है, हम उसमें संतुष्ट हैं। हमें किसी से कोई शिकायत नहीं है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में मुख्य चुनाव समिति (सीईसी) बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं।

## गाज़ा पर शांति शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश राज्य मंत्री भाग लेंगे

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। गाज़ा के मुद्दे पर मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में होने वाले शांति शिखर सम्मेलन में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सोमवार को होने वाले इस शांति सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप सहित दुनिया के 20 शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र की ओर से निमंत्रण भेजा गया था।

- **इस सम्मेलन ट्रंप सहित विश्व के 20 शीर्ष नेता शामिल होंगे।**

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ इस शांति शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान गाज़ा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति ट्रंप की गाज़ा शांति योजना के प्रथम चरण के प्रभावी होने के कुछ दिनों बाद होने जा रहा है। गाज़ा में युद्धविराम शुक्रवार को लागू हुआ।

ट्रंप के अलावा सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी शामिल होंगे। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हमास सोमवार सुबह 20 जीवित बंधकों को रिहा करेगा। दो साल पहले 7 अक्तूबर,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दुर्गापुर मेडिकल छात्रा दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़िता का मोबाइल फोन बरामद किया

- **प.बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि निजी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को किसी लड़की की रात को बाहर जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिये।**
- **मोबाइल की लोकेशन के आधार पर ही पुलिस आरोपियों तक पहुंची थी। इस कार्य में पुलिस ने ड्रोन की भी मदद ली थी।**

कोलकाता, 12 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान शेख रियाजउद्दीन उर्फ मंटू, अप्पू बाउरी और फिरदौस शेख के रूप में हुई है जो बिजड़ा गांव के निवासी हैं। इन सभी पर सामूहिक दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है।

रविवार को ही गिरफ्तार लोगों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने तीनों को दस दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय है कि घटना कॉलेज कैंपस से करीब 700 मीटर की दूरी पर घटी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़िता का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जांच अधिकारियों के अनुसार तीनों के खिलाफ प्रत्यक्ष सबूत मिले हैं।

इसी मोबाइल के लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। सूत्रों के मुताबिक शनिवार रात भर आरोपियों की तलाश की गई और रविवार को भी ड्रोन की मदद से फरार आरोपियों की तलाश की।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह घटना कॉलेज कैंपस से करीब 700 मीटर दूर झाड़ियों से घिरे एक नशे के अड्डे पर हुई, जहां लंबे समय से शराब और गांजे का अवैध कारोबार चल रहा था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर रात छात्रा और उसका एक सहपाठी कैंपस के बाहर टहलने निकले थे।

उसी दौरान अड्डे पर मौजूद तीनों आरोपी छात्रा से छेड़छाड़ करने लगे और फिर उसे जबरन जंगल की ओर खींच कर ले गए। वहीं छात्रा के साथ गैंगरेप किया गया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सामूहिक बलात्कार पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि किसी लड़की को रात में बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दुर्गापुर में मेडिकल की छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना पर राजनीति गरमाने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज दिखीं। उन्होंने दूसरे राज्यों में रेप की घटनाओं का जिक्र किया।

ममता बनर्जी ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई।

जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। पुलिस जांच कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

# ठाकरे बंधुओं ने मातोश्री में एक साथ किया भोजन

- **राज ठाकरे ने मातोश्री में संवाददाताओं से कहा, "यह एक पारिवारिक मुलाकात है। मेरी मां मेरे साथ हैं।"**
- **सियासी गलियारे में ये कयास लगाने जाने लगे हैं कि दोनों चचेरे भाइयों के बीच राजनीतिक गठबंधन कर सकते हैं।**

मुंबई, 12 अक्टूबर। महाराष्ट्र में विशेष रूप से बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज होने लगी हैं और इसी कड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे रविवार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री पहुंचे और अपराह्न में दोनों भाइयों ने एक साथ भोजन किया।

इसके बाद सियासी गलियारे में ये कयास लगाने जाने लगे हैं कि दोनों चचेरे भाइयों के बीच राजनीतिक गठबंधन कर सकते हैं। राज के साथ उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य भी मातोश्री पहुंचे थे। उन्होंने इस यात्रा को निजी बताया। राज ठाकरे ने मातोश्री में प्रवेश करते ही संवाददाताओं से कहा, "यह एक पारिवारिक मुलाकात है। मेरी मां मेरे साथ हैं।" हाल के महीनों में ठाकरे चचेरे भाइयों के बीच छठी ऐसी मुलाकात है, जो बढ़ती निकटता की ओर इशारा करती है जो व्यक्तिगत और राजनीतिक दोनों है। ठाकरे बंधु पहली बार जुलाई में नज़र आए थे, जब उन्होंने राज्य के लोगों पर "हिंदी थोपने" के विरोध में आयोजित रैली में मंच साझा किया था। यह लगभग 20 वर्षों में दोनों चचेरे भाइयों की एक साथ पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। तब से उनके परिवार विशेष अवसरों पर एक-दूसरे से मिलने आते रहे हैं। राज ठाकरे जुलाई में उद्धव ठाकरे के जन्मदिन पर उनसे मिलने गए थे। उद्धव ठाकरे ने अगस्त में दादर स्थित राज ठाकरे के शिवतीर्थ निवास पर गणपति उत्सव के दौरान भी उनसे मुलाक़ात की थी।

**अयोध्या में दीपोत्सव में 30 लाख दीये प्रज्ज्वलित होंगेः** दीपोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 17 अक्टूबर से शुरू होगा और 19 अक्टूबर को समापन होगा यह दीपक अयोध्या धाम में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर जलाए जाएंगे। अयोध्या के दीपोत्सव को अयोध्यावासी धूमधाम से मनाने में अभी से जुट गए हैं। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि दीपोत्सव के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने 28 लाख दीपकों की आपूर्ति की निविदा जारी कर दी है।

# अयोध्या में दीपोत्सव में 30 लाख दीये प्रज्ज्वलित होंगे

- **अयोध्या के दीपोत्सव को अयोध्यावासी धूमधाम से मनाने में अभी से जुट गए हैं। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि दीपोत्सव के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने 28 लाख दीपकों की आपूर्ति की निविदा जारी कर दी है।**
- **दीपोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 17 अक्टूबर से शुरू होगा और 19 अक्टूबर को समापन होगा**

**अयोध्या**, 12 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम की नगर अयोध्या में दीपोत्सव इस बार 30 लाख से अधिक दीये प्रज्जवलित किये जाएंगे।

दीपोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 17 अक्टूबर से शुरू होगा और भव्यता दिव्यता के साथ इसका समापन 19 अक्टूबर को होगा। इस बार दीपोत्सव के अवसर पर 30 लाख से अधिक दीपक पूरे जनपद में जगमगाएंगे। इसकी योजना में जिला प्रशासन और अयोध्या के जन सामान्य के साथ साथ रामनगरी के संत महंत धर्माचार्य भी जुट गए हैं।

अयोध्या के दीपोत्सव को अयोध्यावासी धूमधाम से मनाने में अभी से जुट गए हैं। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि दीपोत्सव के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने 28 लाख दीपकों की आपूर्ति की निविदा जारी कर दी है। यह दीपक अयोध्या धाम में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर जलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अयोध्या के संत महंत धर्माचार्य और गृहस्थ अपनी योजना से अपने- अपने मठ मंदिर धर्मस्थल प्रतिष्ठान पर दीप जलाएंगे। अयोध्या जनपद के प्रमुख धर्म स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थानीय जन मानस दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने स्तर इस दीपोत्सव को भव्य तथा दिव्य स्वरूप देने में लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अयोध्या महानगर की टीम अयोध्या धाम और अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर रंगोली सजाकर दीप प्रज्ज्वलित करती है। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी जाती है। दीपोत्सव के अवसर पर रामपैडी सहित जनपद के सभी मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और धर्म स्थलों पर जलने वाले दीपों की संख्या को जोड़ा जाएगा तो यह आंकड़ा 30 लाख दीपकों से ज्यादा का निकलता है। अयोध्या महानगर के महामंत्री शैलेंद्र कोरी ने बताया कि संगठन किस स्थान पर कितना दीपक जलाएगा यह तय हो गया है। अब तो दीपोत्सव के आयोजन का इंतजार है।

## 'एयर इंडिया बदले गए पीसीएम वाले आरएटी की दोबारा जांच करे'

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। डीजीसीए ने एयर इंडिया को बोइंग 787 विमानों में हाल ही में बदले गए पीसीएम मॉड्यूल वाली सभी फ्लाइट्स में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच के निर्देश दिए हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया को निर्देश दिया कि रैम एयर टर्बाइन की फिटिंग और स्थिति को दोबारा से जांचा जाए। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलटस ने एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की थीं।

हाल ही में एयर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में तकनीकी दिक्कतें आईं थीं, इसलिए डीजीसीए ने यह कदम उठाया है। डीजीसीए ने अमेरिकी कंपनी बोइंग से ऐसी तकनीकी घटनाओं को रोकने के उपायों पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। डीजीसीए ने दुनियाभर में बोइंग 787 विमानों में आरएटी अपने आप खुलने की सभी घटनाओं का रिकॉर्ड मांगा है। पीसीएम मॉड्यूल बदलने के बाद सर्विस में आई तकनीकी दिक्कतों की रिपोर्ट भी मांगी गई है। 4 अक्टूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाली फ्लाइट एआई-117 में लैंडिंग से पहले आरएटी अपने आप खुल गया था। इससे पहले 9 अक्टूबर को वियना से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई-154 में ऑटोपायलट सिस्टम फेल हो गया।

## देशभर के पेंशनर आज ईपीएफओ मुख्यालय के बाहर करेंगे प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर। देशभर के पेंशनर 13 अक्टूबर को यहां कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवार को यह घोषणा की।

समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने बेंगलुरु में प्रस्तावित केन्द्रीय न्यास बोर्ड (सीबीटी) की बैठक को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है, जिससे पेंशनरों में असंतोष और बढ़ गया है। समिति के अनुसार न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा पेंशनरों का कहना है कि डीए (महंगाई भत्ता) का पूरा भुगतान, उच्चतम न्यायालय के के फैसले के अनुसार पेंशन वृद्धि, और उचित चिकित्सा सुविधाएँ भी सुनिश्चित की जाएँ।

- **समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने बेंगलुरु में प्रस्तावित केन्द्रीय न्यास बोर्ड (सीबीटी) की बैठक को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है, जिससे पेंशनरों में असंतोष और बढ़ गया है। समिति के अनुसार न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है।**

इस मुद्दे पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से पेंशनरों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। पिछले एक महीने से देशभर के ईपीएफओ और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत ने कहा, "सरकार ने बैठक स्थल बदलकर पेंशनरों के आक्रोश से बचने की कोशिश की है, लेकिन अब पेंशनर पीछे नहीं हटेंगे। जब तक न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये, डीए का पूरा भुगतान, उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार पेंशन वृद्धि और चिकित्सा सुविधाएँ लागू नहीं होती है, विरोध जारी रहेगा।"

उन्होंने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में पेंशनर दिल्ली पहुंचेंगे और श्रम मंत्री व सीबीटी सदस्यों से अपनी मांगों पर जवाब मांगेंगे।

## सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी शिमला पहुंची

शिमला, 12 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश राजधानी शिमला के रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण होगा। कार्यक्रम के लिए रिज मैदान को सजा दिया गया है। सोमवार सुबह 11 बजे इस प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा के अनावरण के साथ ही कांग्रेस की जनसभा भी होगी।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा भी विशेष तौर पर इस कार्यक्रम के लिए शिमला पहुंची हैं।

प्रियंका वाड्रा अपनी मां सोनिया गांधी के साथ शिमला के छराबड़ा स्थित अपने घर पर रुकी है। उनका कुछ दिन यहां रुकने का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से कार्यकर्ता आएंगे। सबसे अधिक भीड़ शिमला जिला से लाने की चुनौती है। विक्रमादित्य सिंह खुद इसको लेकर बैठकें कर रहे हैं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी शिमला पहुंची। चंडीगढ़ से हेलीकॉप्टर के माध्यम से शिमला पहुंचीं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद चंडीगढ़ पहुंचे थे। शिमला के अनाडेल हेलीपैड पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी सरकार के मंत्रियों के साथ उनका स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# बर्दवान रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़, दस जने घायल

## तीन अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर एक साथ ट्रेन आने के बाद सीढ़ि यों पर यात्रियों में भगदड़ मची

- **घायल यात्रियों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**
- **घटना के बाद स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रोजाना हजारों यात्री बर्दवान स्टेशन से गुजरते हैं, लेकिन संकीर्ण सीढ़ि यां और सुरक्षा कर्मियों की कमी को लेकर यात्रियों में गुस्सा है।**

बर्दमान कोलकाता, 12 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल के बर्दवान रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। तीन अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर एक साथ ट्रेन आने के बाद सीढ़ि यों पर यात्रियों में भगदड़ मच गई। अफरा-तफरी में कई लोग गिर पड़े और पैरों के नीचे आने से खबर लिखे जाने तक दस लोगों के घायल होने की खबर है। घायल यात्रियों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार शाम की है जब एक साथ तीन प्लेटफॉर्म 4, 6 और 7 पर ट्रेनें आ गईं। प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर बर्दवान-हावड़ा लोकल, 6 पर रामपुरहाट लोकल और 7 पर आसनसोल लोकल खड़ी थी। यात्रियों में ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ि यों पर अचानक भारी भीड़ और धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

एक चश्मदीद ने बताया, सीढ़ि यां बहुत संकरी हैं। एक ही समय में तीनों ट्रेन पकड़ने के लिए भीड़ बढ़ गई। इस दौरान कुछ लोग फिसलकर गिर गए और कई लोग उनके ऊपर चढ़ गए। रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस हादसे में कम से कम 10 यात्री घायल हुए हैं। सभी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रोजाना हजारों यात्री बर्दवान स्टेशन से गुजरते हैं, लेकिन संकीर्ण सीढ़ि यां और सुरक्षा कर्मियों की कमी को लेकर यात्रियों में गुस्सा है। रेल प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए कदम उठाने की बात कही है। रेलवे ने एक बयान में कहा, आज शाम बर्दवान स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर चल रही एक महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह फुटओवर ब्रिज की सीढ़ि यों से गिर गई। महिला के गिरने के बाद उनका वजन फुटओवर ब्रिज की सीढ़ि यों पर बैठे अन्य यात्रियों पर पड़ा, जिससे वे भी असंतुलित होकर गिर गए। प्लेटफॉर्म पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे कर्मियों ने तुरंत उनकी मदद की। रेलवे के डॉक्टर भी मौके पर मौजूद थे। घायल तीनों यात्रियों को उपचार के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। बयान में आगे कहा गया, स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी प्रकार की भगदड़ नहीं हुई और भीड़ सामान्य थी। साथ ही किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।